धनबाद, रविवार
18 मई, 2025
आसनसोल संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 12+4=16
www.jagran.com

# दैनिक जागरण

प. बंगाल, झारखंड, बिहार, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित



भारत की जरूरत है कि पाकिस्तान में गृह युद्ध न हो : एयर मार्शल जयंत आपटे 11

शक्ति हो, तभी प्रेम व मंगल की भाषा सुनी जाती है : भागवत 12



# इंटरनेट मीडिया नहीं, वास्तविक ज्ञान बच्चों के लिए जरूरी : शुक्ला

**सिटी स्पोर्ट्स**

जागरण संवाददाता, आसनसोल : दिल्ली पब्लिक स्कूल में आज आसनसोल स्पोर्ट्स एकेडमी का उद्घाटन भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व आलराउंडर लक्ष्मी रतन शुक्ला ने किया। उन्होंने दिल्ली पब्लिक स्कूल और उनके प्रबंधन की प्रशंसा की, जिन्होंने आसनसोल स्पोर्ट्स अकेडमी को बनाया। स्कूल प्रबंधन की तरफ से प्रो वाइस चेयरमैन प्रतीक गोयनका और प्रिंसिपल विनीता श्रीवास्तव द्वारा लक्ष्मी रतन शुक्ला का स्वागत किया गया।






दिल्ली पब्लिक स्कूल में स्पोर्ट्स एकेडमी का उद्घाटन करते व दिल्ली पब्लिक स्कूल में स्पोर्ट्स एकेडमी का उद्घाटन करते पूर्व भारतीय आलराउंडर लक्ष्मी रतन शुक्ला • जागरण

अपने वक्तव्य में लक्ष्मी रतन शुक्ला ने कहा कि जिंदगी में हर कोई कामयाब होना चाहता है लेकिन कामयाबी के पीछे जो मेहनत लगती है उसे अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। उन्होंने खिलाड़ियों का नाम लेते हुए कहा कि चाहे वह सचिन तेंदुलकर हो या विराट कोहली या प्रिंस आफ बंगाल सौरव गांगुली हम सब उनके कामयाबी के प्रशंसक लेकिन हम उनकी मेहनत नहीं देखते हैं। उन्होंने युवाओं से कहा कि आज विराट कोहली की तरह टैटू बनवाने से पहले या उनकी तरह हेयरकट करवाने से पहले हमें 25 साल पीछे जाना होगा और विराट कोहली की मेहनत को अपने दिमाग में उतरना होगा इस मेहनत का नतीजा है कि आज विराट कोहली इस स्थान पर पहुंचे हैं। उन्होंने युवाओं से मोबाइल से दूर रहने की सलाह दी और कहा कि आज इंटरनेट पर इनफ्लुएंसर की संख्या इतनी ज्यादा हो गई है कि हर कोई ज्ञान दे रहा है, लेकिन अगर असली ज्ञान चाहिए तो अपने घर के बुजुर्गों के पास जाइए उनसे आपको जो बयान मिलेगा वैसा ज्ञान आपको इंटरनेट के इनफ्लुएंसर नहीं दे पाएंगे उन्होंने कहा कि हमारे पौराणिक ग्रंथों में जो शिक्षा छुपी हैं उसको जानने की आवश्यकता है इसके लिए उन्होंने बच्चों से मोबाइल से दूर रहकर जिंदगी के और करीब जाने का अनुरोध किया।